Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 14-12-2006

Participants : Shukla Smt. Karuna

>

Title: Alleged lathicharge by R.P.F. constables resulting in injury to unemployed youth of scheduled tribes and scheduled castes in Chhatisgarh.

श्रीमती करुणा शुक्ला (जाँजगीर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केंद्रीय मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव जी का ध्यान आकृट कराना चाहती हूं। रायपुर रेलवे भर्ती बोर्ड की प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ राज्य में आदिवासी एवं अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवकों की उपेक्षा से राज्य के बेरोजगार युवक आहत हैं और अपनी उपेक्षा के कारण रायपुर रेलवे मंडल के कार्यलय में पहुंचकर डीआरएम को इस संबंध में ज्ञापन देना चाहते थे। हजारों की संख्या में युवक एवं युवतियां वहां उपस्थित थे। उन्होंने घंटों अपने धैर्य का परिचय दिया, किंतु कोई रेलवे का अधिकारी उनसे मिलने नहीं आया और न ही उनका ज्ञापन नहीं लिया। अचानक आरपीएफ के जवानों ने उन लाठियां बरसानी शुरू कर दीं और डंडे से घातक प्रहार किए। जिससे अनेक महिलाओं के सिर फट गए, हाथ की हड्डी टूट गयी तथा युवकों को भी सिर, पैर और हाथों में चोटे आयीं और वे अस्पताल में भर्ती हैं। इस घटना से छत्तीसगढ़ के युवक, युवतियों में आक्रोश व्याप्त है।

माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि घटना के जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर घटना की निपक्ष जांच करायें। अगर यह नहीं हुआ, तो वहां निश्चित रूप से एक बड़ा आंदोलन खड़ा हो जाएगा और आरपीएफ के जवानों ने जिस तरह से बर्बरता का परिचय दिया उससे हजारों युवक-यवतियों में आक्रोश व्याप्त है। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।[v102]